श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03(95)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2023-24/ 2168 दिनांक 08.07.2024

प्रवेश सूचना 2024-25

विषय: विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी-पी.जी. 2024-25) के आधार पर श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एम.ए. (अंग्रेजी, हिन्दी, हिन्दू-अध्ययन, समाजशास्त्र एवं योग)पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु।

सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में **एम.ए. (अंग्रेजी, हिन्दी, हिन्दू-अध्ययन, समाजशास्त्र एवं योग)** पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु एन.टी.ए. द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में भाग लिया था तथा उनके द्वारा दिनांक 30.06.2024 तक अपना पंजीकरण शुल्क जमा करवा दिया गया है। उन अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्राप्त स्कोर की वरीयता सूची के अनुसार प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जायेगा। प्रवेश हेतु ऑफलाइन माध्यम से काउंसलिंग प्रक्रिया निम्न प्रकार से संपन्न की जाएगी:

सम्बन्धित पीठ	पाठ्यक्रम विवरण	तिथि	समय
आधुनिक विषय पीठ कार्यालय (स्वर्ण जयंती सदनम्) कक्ष संख्या 111	एम.ए. अंग्रेजी	11.07.2024 से 18.07.2024	प्रातः 11.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
	एम.ए. हिन्दी	11.07.2024 से 18.07.2024	प्रातः 11.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
	एम.ए. समाजशास्त्र	11.07.2024 से 18.07.2024	प्रातः 11.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
	एम.ए. हिन्दू-अध्ययन	11.07.2024 से 18.07.2024	प्रातः 11.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
दर्शनशास्त्र पीठ कार्यालय (शैक्षणिक सदनम्)	एम.ए. योग	11.07.2024 से 18.07.2024	प्रातः 11.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक

प्रवेश प्रक्रिया संबंधित पीठ की प्रवेश समिति द्वारा पूर्ण की जाएगी। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष पीठप्रमुख के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल-दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरांत ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी को निम्नलिखित मूल-प्रमाण पत्र अपने साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

मूल-प्रमाण पत्रों की सूची-

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र)
3. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
4. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
5. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
6. ए.बी.सी आईडी की प्रतिलिपि।
7. स्वास्थ प्रमाण पत्र (केवल एम.ए. योग कक्षा हेतु)
8. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी स्कोर कार्ड।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. पीठप्रमुख, आधुनिक विषय एवं दर्शनशास्त्र को इस आशय से प्रेषित कि वह प्रवेश समितियों के गठन हेतु जारी सूचना के अनुसार विभाग से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण कर प्रवेश हेतु संस्तुत आवेदकों के फार्म सहित सूची तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु शैक्षणिक विभाग में प्रस्तुत करने का कष्ट करें ताकि ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करवाने की कार्यवाही की जा सके।
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
4. पीठ प्रमुख (छात्र कल्याण)
5. जनसंपर्क अधिकारी
6. उपकुलसचिव, लेखा
7. उपकुलसचिव, परीक्षा
8. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि प्रवेश शुल्क जमा के संबंध में तकनिकी व्यस्था करवाने हेतु तथा उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
9. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
10. कार्यालय आदेश पत्रावली
11. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

9.7.24